(ब) निकट भविष्य में किसी नयी गाड़ी या राजधानी, सर्वोदय या जम्मू तवी एक्सप्रेस गाड़ियों के लिए सवाई-माधोपुर जंक्शन पर स्टाप कब तक बनाया जाएगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास) : (क) और (ख) जी हां। बम्बई जाने वाली गाड़ियों में से 4 जोड़ी गाड़ियां पहले ही सवाई माधोपुर रुकती हैं। इस स्टेशन पर किसी और गाड़ी को ठहराव देना फिलहाल व्यावहारिक नहीं पाया गया है।

(ग) यातायात में वृद्धि का होना एक निरंतर प्रक्रिया है। सवाई माधोपुर स्टेशन सहित भारतीय रेलों पर वाली यातायात में प्रति वर्ष लगभग 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

(ब) औचित्य पाए जाने पर।

सवाई माधोपुर, राजस्थान में रेल लाइनों का बड़ी लाइनों में बदला जाना

77. डा० अबदार अहमद : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) राजस्थान में सवाई-माधोपुर से जयपुर-जोधपुर तक बड़ी लाइन बनाने का काम कब तक शुरू किए जाने की संभावना है और इस संबंध में विलंब के क्या कारण है, क्या इस परियोजना पर अब तक कोई राशि खर्च की गई है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) उस पर कुल कितनी राशि व्यय किए जाने की संभावना है और इसके कब तक पूरा हो जाने की संभावना है, क्या मूल्य-वृद्धि का इस परियोजना पर कोई प्रभाव पड़ेगा और इस मूल्य-वृद्धि के कारण इस पर कितनी अतिरिक्त राशि के व्यय की संभावना है तथा इस संबंध में क्या प्रावधान किया गया है; और

(ग) सवाई-माधोपुर रेलवे स्टेशन और इसके प्लेटफार्मों के विस्तार संबंधी योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भक्त चरण दास) : (क) परियोजना का कार्य शुरू हो गया है। इस पर पहले ही 0.52 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। 1990-91 के लिए कुल परिव्यय 25 करोड़ रुपये का है।

(ख) सवाई-माधोपुर जयपुर-फुलेरा खंड की वर्तमान दरों के आधार पर कुल लागत 179.73 करोड़ रुपये है और फुलेरा-मेड़ता रोड-जोधपुर की 325.87 करोड़ रुपये है। जयपुर तक लाइन चालू होने की लक्ष्य तारीख 30-6-94 है और शेष भाग का कार्य भी चल रहा है और इस आगामी वर्षों में संसाधनों की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए यथा संभव शीघ्र चालू कर दिया जायेगा। इस कार्य पर मूल्य वृद्धि का प्रभाव निश्चित रूप से पड़ेगा और इस पर वर्ष-दर-वर्ष धन की व्यवस्था करते समय विचार किया जायेगा।

(ग) सवाई-माधोपुर स्टेशन पर बड़ी लाइन के अतिरिक्त यातायात की सप्लाई के लिए उपयुक्त परिवर्तन किये जायेंगे।

Progress of Konkan Railway Project

78. SHRI M. A. BABY: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the progress of Konkan Railway project;

(b) the money allocated and utilized till the 31st January, 1991; and

(c) the money earmarked for 1991-92?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI BHAKTA CHARAN DAS):

(a) Contracts for Earth Work and Bridges on Roha-Dasgaon and Mangalore-Udupi section have been awarded.

(b) Against the allocation of Rs. 119 crores for the year 1990-91 a sum of